प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के केजीएमयू में 941 करोड़ रुपये की 7 स्वास्थ्य परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– लारी कार्डियोलॉजी में नये भवन से मरीजों को मिलेगी राहत।
2. मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के दिये निर्देश : परिषदीय स्कूलों के खाली भवनों में स्थानांतरित होंगे आंगनबाड़ी केन्द्र।
3. लखनऊ के भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अतंर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अपने सहयोगियों के साथ पृथ्वी के लिये हुए रवाना : कल दोपहर कैर्लिफोर्निया के तट पर उतरेगा उनका अंतरिक्ष यान। और
4. सावन माह के पहले सोमवार पर आज शिवालयों में जलाभिषेक के लिये उमड़ी भक्तों की भीड़ : वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं पर की गई पुष्प वर्षा।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में 9 सौ 41 करोड़ रुपये लागत की 7 स्वास्थ्य परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार वन डिस्टिक वन मेडिकल

कॉलेज की परिकल्पना को साकार करते हुए सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक के चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*केजीएमयू के साथ ऐसे बहुत सारी उपलब्धियां जुड़ी हुई हैं जो पिछले एक सौ बीस वर्षों के आपके इतिहास को गौरवमयी बनाता है और प्रदेश सरकार ने भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज प्रदेश के अंदर इस दिशा में जो तैयारी की डबल इंजन की सरकार उस दिशा में तेजी के साथ कार्य कर रही है। हम लोग जब आये थे हमारे पास गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की संख्या बहुत कम थी। आज मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि पचहत्तर जनपदों में एक एक मेडिकल कॉलेज वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज इस परिकल्पना को आज हम साकार करते हुए दिखाई दे रहे हैं।*

मुख्यमंत्री ने कार्डियोलॉजी विभाग मे 92 बैड के आईसीयू भवन और 340 बैड के अर्थोपेडिक सुपर स्पेशिलिटी सेन्टर की सौगात दी। लारी कार्डियोलॉजी के इस नये भवन के शुरू होने से यहां अब दोगुने से अधिक मरीज भर्ती किये जा सकेंगे। इसके साथ ही 300 बैड की क्षमता वाले जनरल सर्जरी विभाग के नये भवन और 5 सौ बैड वाले ट्रामा सेंटर के विस्तारित भवन की भी नींव रखी गई। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए हैं। आज

लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिक्तियों के सापेक्ष अधियाचन तत्काल भेजकर नियुक्ति प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। एक रिर्पोट......

*मुख्यमंत्री ने राज्य में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने और विद्यालयों में बच्चों की शत.प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये संसाधनों के कुशल उपयोग के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होने स्कूल चलो अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कहा, ताकि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे।मुख्यमंत्री ने परिषदीयविद्यालयों में पढने वाले प्रत्येक छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में यूनिफॉर्म, स्टेशनरी एवं पाठ्य सामग्री के लिए 1200 रुपये की सहायता राशि को डीबीटी के माध्यम से शीघ्रता से अंतरित किए जाने के भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विलय किये गये परिषदीय स्कूलो के खाली भवनों में बाल वाटिकाएं और आंगनबाड़ी केंद्रों को स्थानांतरित किया जाए ताकि इन भवनों का सही उपयोग हो सके। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

————————

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय कौशल मेला और प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगे। व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशोलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ0 हरिओम ने आज लखनऊ में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में इस अवसर पर रोजगार मेले लगाये जा रहे हैं। बाइट.....

*जितने टेड्‌स हैं हमारे जैसे इलेक्ट्रीशियन है, या कम्प्यूटर ऑपरेटर्स हमारे होते हैं या हेल्थ सेक्टर में जैसे जीडीए सेक्टर में। इसमें सब में भी प्लेसमेंट के लिए हमारे प्लम्बर्स हैं। ये जो ट्रेड्‌स हमारे यहाँ चलते हैं वही*

*ट्रेड्स हैं। उनमें जो लोग रोजगार देने वाले लोग हैं, जो कंपनियां हैं वो आएगी इस बुलाएंगे। रोजगार मिला जो हमारा चल रहा है उससे आपको जितने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार दे सकेंगे।*

————————

रेलवे ने रेलगाड़ियों की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कोच में कैमरा लगाने से यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार होगा।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

एक्सिओम–4 मिशन पर गए लखनऊ के रहने वाले और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य सहयोगी पृथ्वी की वापसी यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं। स्पेस एक्स कंपनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि क्रू कैप्सूल

ड्रैगन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो गया है। कंपनी ने कहा कि अंतरिक्ष यान कल दोपहर बाद लगभग तीन बजे कैलिफ़ोर्निया तट पर उतरेगा। एक रिपोर्ट....

*वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुक्ला और तीन अन्य सहयोगियों को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए सातदिन की निगरानी में रखा जाएगा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14–दिवसीय मिशन पर थे। वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय और वर्ष 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। यात्रा के दौरान, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत से संबंधित सात प्रयोग किए। अंतरिक्ष स्टेशन से विदाई पर ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा को अविश्वसनीय बताया। शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को लेकर एक्सिओम–4 मिशन 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

शुभांशु के माता–पिता उनकी सकुशल वापसी के लिये ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। शुभांशु की माता आशा शुक्ला ने आज लखनऊ में कहा ...........

*साथ ऐसी लबालब भरे हुए है हम लोग बहुत ज्यादा अच्छा लग रहा है सोच सोच के की वापस आ रहा है धरती पर उतरेगा तो खुशी हो रही है बहुत ज्यादा जो मैसेज दे रहे थे की हाँ जहाँ ऐसी अच्छा भारत आज भी दिखता है ये उन्होंने मैसेज दिया वहाँ ऐसी तो सुनकर बहुत अच्छा लगा है कि देश के प्रति इतना जज़्बा भरा बेटे के अन्दर।*

————————

भगवान शिव को प्रिय सावन माह का आज पहला सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों के शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। लखनऊ स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर मनकामेश्वर, बुद्धेश्वर, सिद्धनाथ और कोनेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना के लिये सुबह से

शिव भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई है। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। एक रिपोर्ट.....

*आज सावन के पहले सोमवार पर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री काशी विश्वनाथ धाम आस्था के जनसैलाब से सराबोर हो गया। देश और दुनिया के कोने–कोने से लाखों श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए तड़के सुबह से ही कतारों में लगे हुए हैं। मंगला आरती के बाद काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार का पट खुला तो श्रद्धालुओं की खुशी से झूम उठे साथ ही हर–हर महादेव के उद्घोष करने लगे। जिससे एक अद्भुत और भक्तिमय वातावरण का बन गय। धाम में छह द्वार से श्रद्धालुओं के प्रवेश की व्यवस्था की गई है।। मंगला आरती के बाद धाम के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खुल गए। श्रावण मास के पहले सोमवार को महादेव की चल प्रतिमा का श्रृंगार देखने के लिए श्रद्धालु उत्साहित दिखे।सुबह मंदिर प्रशासन द्वारा भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की गई। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

लखीमपुर खीरी में छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर में और संतकबीरनगर के ऐतिहासिक बाबा तामेश्वर नाथ धाम में बड़ी संख्या में आज श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। बाराबंकी के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिये आसपास के जनपदों से श्रद्धालु कल रात से ही पहुचने लगे थे, जिसके चलते बाराबंकी–बहराइच हाईवे पर कल रात से रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। यह डायवर्जन आज रात 12 बजे तक रहेगा।

————————

पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज दोपहर बाद मध्यम से लेकर तेज बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विज्ञान विभाग ने कल और सोलह जुलाई को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं भारी बारिश होने और बिजली गिरने की चेतावनी दी है।